# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जून - अगस्त, 1991 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## गुरूवार, दिनांक 4 जुलाई, 1991 (आषाढ़ 13, 1913)
## समय 10.30 बजे

**1- प्रश्नोत्तर.**

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

**2- पत्रों का पटल पर रखा जाना.**

श्री मोहम्मद गनी अंसारी, राज्यमंत्री, मछली पालन, मध्यप्रदेश राज्य मतस्य विकास निगम अधिनियम, 1979 (क्रमांक 6 सन् 1979) की धारा 30 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य मतस्य विकास निगम का अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 1989-90 पटल पर रखेंगे.

**3- नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण.**

(1) श्री रूगनाथ सिंह आंजना, सदस्य, रतलाम जिले के ग्राम पिंगराला की एक वृद्ध महिला के साथ अमानवीय व्यवहार किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यानाकर्षित करेंगे.

(2) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, मुरैना जिले के विजयपुर थानान्तर्गत लूट की घटित घटना की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

**4- प्रतिवेदन की प्रस्तुति.**

श्री केशर सिंह चौहान, सभापति, याचिका समिति का चतुर्थ एवं पंचम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

**5- याचिकाओं की प्रस्तुति.**

(1) श्री नन्द कुमार पटेल, सदस्य-

(क) तहसील खरसिया के ग्राम मदनपुर मे सार्वजनिक भवन व हरिजन कुटी निर्माण कराने, तथा

(ख) खरसिया के ग्राम हालाडुली में हाईस्कूल खोलनें,

(2) डा. गोविन्द सिंह, सदस्य -

(क) जिला भिण्ड परगना लहार के ग्राम धौरका में खरंजा एवं नाली निर्माण कराने तथा

(ख) ग्राम बड़ा गांव, कसल टोला, गौरा में हैंण्डपम्प लगाने के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

**6- वर्ष 1991-92 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)**

भोपालः

दिनांक 3 जुलाई, 1991

**विश्वेन्द्र मेहता,**
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा